तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **बीरबल बनाम गोपी** **अपील संख्या जीसीएमएस नम्बर 2021/130**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.05.22	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित, उनकी बहस प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने पर सुनी गई। अधिवक्ता अपीलान्ट ने प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया है कि अपीलार्थी उपरोक्त उनवानी अपील को विड्रो कर आगे कोई कार्यवाही नही चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर अर्ज है कि अपीलान्ट की अपील को विड्रो करने के आदेश फरमाये जावें। अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट संख्या 1 ने कथन किया है कि अपीलान्ट स्वयं अपनी अपील को इसी स्टेज पर विड्रो करना चाहता है जिसमें उन्हे कोई आपत्ति नही है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया जिससे जाहिर होता है कि अपीलान्ट स्वयं ही अपनी अपील को इसी स्टेज पर विड्रो करना चाहता है तथा अधिवक्ता रेस्पोडेन्ट को भी कोई आपत्ति नही है तो फिर अब इस हस्तगत अपील को आगे चलाये रखे जाने का कोई औचित्य भी प्रतीत नही होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलान्ट द्वारा अपनी अपील इसी स्टेज पर विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (विकास एस.भाले) संभागीय आयुक्त, जयपुर	